आंध्र प्रदेश में 100 नगर निकायों में चुनाव प्रक्रिया पर रोक

नयी दिल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश राज्य चुनाव आयोग ने राज्य के सभी 100 शहरी स्थानीय निकायों में चल रही चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी। यह कदम सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश के बाद उठाया गया है, जिसमें कोर्ट ने उन उम्मीदवारों के लिए नामांकन की समय-सीमा बढ़ाने पर विचार करने को कहा था, जो कानून-व्यवस्था की समस्याओं के कारण अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं कर पाए थे।

बुधवार देर शाम जारी एक आधिकारिक आदेश में, आयोग ने कहा कि यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के 21 अक्टूबर के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। चुनाव आयोग, जिला कलेक्टरों, जिला चुनाव अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों से रिपोर्ट मिलने के बाद गुरुवार को एक और आदेश जारी करेगा। इन चुनावों में 13 नगर निगम और 87 नगरपालिकाएं व नगर पंचायतें शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि वह 22 अक्टूबर तक यह तय करे कि क्या उन शहरी स्थानीय निकायों में नामांकन की समय-सीमा बढ़ाई जाए, जहां कानून-व्यवस्था की कथित समस्याओं के कारण उम्मीदवार अपने कागजात दाखिल नहीं कर पाए थे। जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की बेंच ने आयोग को निर्देश दिया कि वह उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी करने को 26 अक्टूबर तक टाल दे।

साथ ही, आयोग को याचिकाकर्ताओं और उम्मीदवारों द्वारा सौंपे गए अभ्यावेदनों, सहायक दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक सबूतों की जांच करने को भी कहा गया है।

एसएफजे और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के बीच वर्चस्व की लड़ाई

कनाडा में पन्नू ने खोला नया मोर्चा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। खालिस्तान समर्थक संगठन सिख्स फॉर जस्टिस और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के बीच टकराव ने एक नया मोड़ ले लिया है. एसएफजे ने कनाडा के एक हिंदू मंदिर में इस गिरोह का महिमामंडन किए जाने का हवाला देते हुए, वहां भारतीय कांसुलर अधिकारियों की वापसी का विरोध किया है।

मुंबई में बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ को निशाना बनाकर की गई हालिया गोलीबारी की घटना के बाद, इस गिरोह की गतिविधियों की फिर से जांच शुरू हो गई है. एसएफजे के जनरल काउंसल गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री गैरी आनंदसांगरी और न्याय मंत्री सीन फ्रेजर को एक पत्र लिखा है. इसमें उन्होंने 15 नवंबर, 2026 को ब्रैम्पटन के हिंदू सभा मंदिर में आयोजित होने वाले भारतीय कांसुलर कैंप की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं.इस पत्र की एक प्रति ईटीवी भारत के पास मौजूद है। इसमें आरोप लगाया गया है कि 3 नवंबर, 2024 को इसी मंदिर में आयोजित एक कांसुलर कैंप के दौरान, मंदिर के कुछ सदस्यों ने लॉरेंस बिश्नोई जिंदाबाद के नारे लगाए और खालिस्तान समर्थक कार्यकर्ताओं पर हमला किया. पन्नू ने यह भी आरोप लगाया कि मंदिर के एक पुजारी ने सिख कार्यकर्ताओं पर हमले के लिए उकसाया, जिसके बाद मंदिर के सदस्य गुरुद्वारा माल्टन साहिब की ओर बढ़ गए.

प्रदर्शनी से बेटे की पेंटिंग हटी तो भड़कीं प्रियंका गांधी

बोलीं- तुम सच के साथ खड़े रहो

नयी दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा को लेकर एक विवाद खड़ा हो गया है. इस पर प्रियंका गांधी ने खुद जवाब दिया है. दरअसल, रेहान ने आरोप लगाया था कि उनकी एक पेंटिंग को प्रदर्शनी से हटा दिया गया है. रेहान ने कहा कि बीकानेर हाउस के प्रबंधन ने उनसे अपनी प्रदर्शनी से दिल्ली में हुए विरोध-प्रदर्शनों की तस्वीरें हटाने के लिए कहा है. नो आइडिया इज फाइनल नाम से रेहान की यह प्रदर्शनी गुरुवार को शुरू होने वाली है. इसको लेकर प्रियंका ने अपने बेटे का बचाव किया है.

उन्होंने कहा कि जो लोग किसी दूसरे व्यक्ति की अभिव्यक्ति से डरते हैं, वे असल में उस ताकत को पहले ही खो चुके होते हैं, जिसे वे बचाए रखना चाहते हैं. उन्होंने लिखा, जब सत्ता में बैठा कोई व्यक्ति किसी दूसरे की अभिव्यक्ति से डरने लगता है, तो उसे शायद पता नहीं होता, लेकिन वह उसी ताकत को खो चुका होता है जिसे वह बचाने की कोशिश कर रहा है. तुम सच के साथ खड़े रहो, और हर खूबसूरत चीज खुद-ब-खुद तुम्हारे पास आ जाएगी. मुझे तुम पर गर्व है, और हमेशा रहेगा।

फोन से सिम निकाली तो बंद हो जायेगा वाट्सएप

1 जनवरी से बदलने वाला है नियम

नयी दिल्ली (एजेंसी)। 1 जनवरी 2027 से वाट्सएप जैसे मैसेजिंग ऐप्स इस्तेमाल करने के तरीके में बदलाव देखने को मिल सकता है.सरकार के नये सिम बाइंडिंग नियम के तहत यूजर्स को अपने अकाउंट से जुड़े रजिस्टर्ड सिम कार्ड को फोन में रखना पड़ सकता है. कंपनियों को इस नियम का पालन करने के लिए 31 दिसंबर 2026 तक का समय दिया गया है। अभी वॉट्सऐप पर अकाउंट बनाने के लिए मोबाइल नंबर पर ओटीपी आता है. डालकर वेरिफिकेशन पूरा होने के बाद यूजर सिम कार्ड निकालकर भी वॉट्सऐप चला सकते हैं. यहां तक कि कई लोग बिना सिम वाले डिवाइस पर भी वाई-फाई की मदद से वॉट्सऐप इस्तेमाल करते हैं। लेकिन नए नियम के तहत मैसेजिंग ऐप को उस सिम कार्ड से लिंक रखना होगा, जिससे यूजर का मोबाइल नंबर जुड़ा है. यानी अगर आप फोन से रजिस्टर्ड सिम निकाल देते हैं, तो वॉट्सऐप इस्तेमाल करने में परेशानी हो सकती है। इस नियम को लागू करने के पीछे सरकार का मकसद ऑनलाइन फ्रॉड और फर्जी अकाउंट पर रोक लगाना है. कई बार साइबर ठग भारतीय मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल करके लोगों को फर्जी कॉल और मैसेज करते हैं. सिम निकालने या बंद होने के बाद भी अकाउंट चलते रहने से ऐसे मामलों की जांच करना मुश्किल हो सकता है। सरकार चाहती है कि मैसेजिंग ऐप्स पर अकाउंट का लिंक एक्टिव सिम कार्ड से बना रहे. इससे मोबाइल नंबर के गलत इस्तेमाल को रोकने और साइबर अपराधियों का पता लगाने में मदद मिल सकती है।

प्रत्येक नागरिक के लिए न्यायपूर्ण, सुरक्षित और गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करना है कानून का अंतिम उद्देश्य : उपराष्ट्रपति

नयी दिल्ली (आससे)। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि कानून का अंतिम उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के लिए न्यायपूर्ण, सुरक्षित और गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करना है। साथ ही उपराष्ट्रपति ने राज्यों के विधि आयोगों से पुराने और अप्रासंगिक कानूनों की पहचान करने तथा उन्हें संशोधित करने या निरस्त करने की सिफारिश करने का आग्रह किया है।

उपराष्ट्रपति आज यहां भारतीय विधि आयोग द्वारा आयोजित 'सहकारी संघवाद और विधिक सुधारः राष्ट्रीय एवं राज्य परिप्रेक्ष्य' विषय पर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुये उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता में एकता है। संविधान, संघ की शक्ति तथा राज्यों की जिम्मेदारियों और उनकी वैध स्वायत्तता के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है। राधाकृष्णन ने विक. सित भारत-२०४७ के लक्ष्य को प्राप्त करने में विधिक सुधारों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि विकास को सुदृढ़ कानूनों, पारदर्शी संस्थाओं, कुशल प्रशासन और सभी के लिए न्याय का समर्थन मिलना आवश्यक है।

उपराष्ट्रपति ने पिछले १२ वर्षों में औपनिवेशिक काल के तीन आपराधिक कानूनों को प्रतिस्थापित करने और १,७०० से अधिक अप्रचलित कानूनों को निरस्त करने को भारत की विधिक व्यवस्था के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। साथ ही उन्होंने राज्यों के विधि आयोगों से पुराने और अप्रासंगिक कानूनों की पहचान करने तथा उन्हें संशोधित करने या निरस्त करने की सिफारिश करने का आग्रह किया, ताकि जीवनयापन में सुगमता और कुशल शासन को बढ़ावा दिया जा सके।

विधिक सुधारों में सहकारी संघवाद के महत्व पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि इसका अर्थ प्रत्येक मामले में एकरूपता स्थापित करना नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां केंद्र और राज्यों की संवैधानिक जिम्मेदारियां एक-दूसरे से जुड़ती हैं, वहां दोनों को मिलकर काम करना चाहिए, साथ ही राज्यों की उन वैध स्वतंत्रताओं को भी संरक्षित रखा जाना चाहिए, जिनके माध्यम से वे अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। साथ ही उन्होंने अंतरराज्यीय परामर्श, सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान और पुराने कानूनों की व्यवस्थित समीक्षा के माध्यम से भारतीय विधि आयोग, राज्य विधि आयोगों और राज्य विधि विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का आह्वान किया।

यमुना की सफाई के लिए ८,६४१ करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू

नयी दिल्ली (आससे)। केंद्रीय गश्ह मंत्री अमित शाह ने यमुना नदी के पुनरुद्धार से जुड़ी ८,६४१ करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं के तहत सीवर नेटवर्क का विस्तार, जल निकासी व्यवस्था में सुधार और अपशिष्ट जल उपचार सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा।

शाह ने कहा कि भाजपा सरकार मई २०२६ तक यमुना की सफाई और पुनरुद्धार के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए केंद्र के साथ दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकारों ने समन्वित एवं समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की है। उन्होंने पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी सरकार पर समस्या के समाधान के बजाय बहाने बनाने का आरोप लगाया।

अमित शाह को जन्मदिन पर मोदी समेत कई नेताओं ने दी बधाई

नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जन्मदिन है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी प्रशासनिक समझ ने भारत की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बना दिया है। बता दें कि शाह, 2019 से देश के गृह मंत्री हैं।

वे गुरुवार को 62 वर्ष के हो गए। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गृह मंत्री अमित शाह को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। उनकी प्रशासनिक समझ ने भारत की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बना दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि शाह की विशेष रूप से उल्लेखनीय सफलताओं में माओवाद के खतरे को खत्म करना और सरकार के नशा मुक्त समाज के सपने को आगे बढ़ाना शामिल है। उन्होंने कहा, %मैं प्रार्थना करता हूं कि उन्हें लोगों की सेवा में एक लंबा और स्वस्थ जीवन मिले। इसके साथ ही असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी बधाई दी।

उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक ऐसा देशभक्त बताया, जिसे देश के अलावा और किसी चीज की परवाह नहीं है। इसके साथ ही कहा कि वे भारत की समस्याओं को खत्म करने के मिशन पर हैं।सरमा ने कहा कि अब वे 2029 तक ड्रग्स नेटवर्क को खत्म करने के मिशन पर हैं, और असम इस मिशन को अपना पूरा समर्थन देने का वादा करता है।

सरमा ने यह भी कहा, %केंद्रीय गृह मंत्री ने हमेशा असम पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने अपराध कम करने और विकसित असम बनाने की हमारी कोशिशों का नेतृत्व किया है। इस खास दिन पर, मैं मां कामाख्या और श्रीमंत शंकरदेव से प्रार्थना करता हूं कि वे उन्हें लंबी उम्र और अच्छा स्वास्थ्य दें, ताकि वे देश की सेवा करने के अपने संकल्प को पूरा कर सकें।

पुदुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगासामी ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। अपने संदेश में, रंगासामी ने कहा कि उन्होंने %ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे अमित शाह को हमेशा खुश रखें, अच्छा स्वास्थ्य दें और उन्हें एक लंबा व सार्थक जीवन प्रदान करें।% रंगासामी ने यह भी कहा कि वे चाहते हैं कि अमित शाह को और अधिक शक्ति, शांति और सफलता मिले, ताकि वे एक मजबूत, सुरक्षित और प्रगतिशील भारत के निर्माण की दिशा में अपना काम जारी रख सकें।

प्रोटेम स्पीकर ए. अनबलगन ने भी केंद्रीय गृह मंत्री को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय एकता की रक्षा के प्रति शाह की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की और उनके लंबे जीवन की कामना की। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और वाइएसआरसीपी प्रमुख वाई. एस. जगन मोहन रेड्डी ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जन्मदिन की बधाई दी।

आईसीआईसीआई बैंक ने ग्राहकों को दिया बड़ा झटका, 1 दिसंबर से बदलेंगे चार्ज

नयी दिल्ली (एजेंसी)। आईसीआईसीआइ बैंक ने 1 दिसंबर 2026 से कुछ सेविंग अकाउंट के सर्विस चार्ज में बदलाव करने वाला है। इससे कैश ट्रांजैक्शन की लागत बढ़ेगी और इलेक्ट्रॉनिक डेबिट भुगतान फेल होने पर लगने वाला जुर्माना भी बढ़ जाएगा। इसका असर उन ग्राहकों पर पड़ सकता है, जो बैंक की शाखा में बार-बार कैश जमा करते हैं या निकालते हैं। इसके अलावा, जिनके खाते से लोन की श्वस्र्ढ़ या दूसरे भुगतान अपने आप कटते हैं, उन्हें भी सतर्क रहने की जरूरत है। आइए डिटेल में जान लेते हैं कि बैंक ने क्या कुछ बदला है। आईसीआईसीआई बैंक ने अपने ग्राहकों को एक ईमेल भेजकर जानकारी दी है कि वह कुछ सेविंग अकाउंट्स में कैश ट्रांजैक्शन पर लगने वाले सर्विस चार्ज में बदलाव करने जा रहा है। इस बदलाव के तहत, बैंक फ्री लिमिट से अधिक होने वाले सेविंग अकाउंट कैश ट्रांजैक्शन पर चार्ज बढ़ाएगा। निर्धारित लिमिट पार होने पर हर 1,000 रुपये पर लगने वाला शुल्क 3.50 रुपये से बढ़ाकर 4 रुपये कर दिया जाएगा। यह बदलाव बैंक की शाखाओं और कैश रिसाइकलर मशीनों के जरिए कैश जमा करने पर लागू होगा। शाखा से कैश निकालने पर भी संबंधित शुल्क में बदलाव किया गया है। बता दें किआईसीआईसीआई बैंक के सेविंग अकाउंट ग्राहकों को हर महीने तीन मुफ्त नकद जमा और तीन मुफ्त नकद निकासी लेनदेन की सुविधा मिलती रहेगी। एक महीने में कुल 1 लाख रुपये तक के कैश ट्रांजैक्शन पर रकम के आधार पर शुल्क नहीं लगेगा। इस सीमा को पार करने पर हर 1000 रुपये पर 4 रुपये या 150 रुपये, जो भी अधिक होगा, वह शुल्क लागू होगा। उदाहरण के तौर पर, अगर किसी महीने में जमा या निकासी लेनदेन की कुल राशि 1.01 लाख रुपये हो जाती है, तो आईसीआईसीआइ बैंक के ग्राहकों को 150 रुपये का ट्रांजैक्शन चार्ज देना होगा।

बढ़ती जा रही ट्रंप की सनक

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में उथल-पुथल के केंद्र में चल रहे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सनक इस कदर बढ़ गई है कि अब वो अटलांटिक महासागर का नाम बदलकर ट्रंप महासागर करवाना चाहते हैं। गूगल मैप्स पर मेक्सिको की खाड़ी के नाम के साथ अमेरिका की खाड़ी जुड़वाने और कनाडा के साथ साझा ओंटारियो झील का नाम अमेरिकी झील करवाने के बाद डोनाल्ड ट्रंप के नाम बदलवाने के हौसले बुलंद हैं। इसी भरोसे के साथ ट्रंप ने गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई को फोन करके अटलांटिक महासागर का भी नाम बदलकर ट्रंप महासागर करने कहा, जिसे सुंदर पिचाई ने मानने से मना कर दिया। गूगल और एल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने राष्ट्रपति को समझाया कि अटलांटिक महासागर अमेरिका के अलावा कई देशों तक फैला है, इसलिए वो इस बार उनकी बात नहीं मान सकते। डोनाल्ड ट्रंप ने खुलकर कहा है कि प्रशांत महासागर को अमेरिकन ओसियन और अटलांटिक महासागर को ट्रंप ओसियन कर देना चाहिए।

डोनाल्ड ट्रंप ने गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई से अटलांटिक महासागर का नाम बदलने को लेकर हुई बातचीत की जानकारी खुद ही साउत कैरोलिना में संसदीय चुनाव प्रचार के दौरान दी। ट्रंप यहां रिपब्लिकन पार्टी के कैंडिडेट के लिए वोट मांगने गए थे। उन्होंने कहा कि उनके पिता कहा करते थे कि उनको लोकेशन की बढ़िया समझ है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनको सिर्फ पैसिफिक ओसियन और अटलांटिक ओसियन पसंद हैं। वो किसी और ओसियन पर अमेरिका या ट्रंप का नाम नहीं डाल सकते हैं। ट्रंप ने बताया कि उन्होंने अटलांटिक ओसियन पर गंभीरता से विचार किया और गूगल के सीईओ को फोन किया। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने सुंदर पिचाई से अटलांटिक महासागर का नाम अपने नाम पर ट्रंप ओसियन करने की बात की तो सुंदर ने यह कहकर मना कर दिया कि इस बार वो नहीं करेगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष

2,996 विद्यालयों के...

एवं अन्य आवश्यक तैयारियों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक में विद्यालय भवनों के निर्माण की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाईगर, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, शिक्षा तथा उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अभिषेक पलासिया सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

विधान परिषद की...

क्षेत्र में 11,719 मतदाता हैं, जबकि सारण में 10,748, दरभंगा में 9,026 और तिरहुत में 8,760 मतदाता हैं। जिन सीटों पर चुनाव हो रहा है, उनमें पटना स्नातक, दरभंगा स्नातक, तिरहुत स्नातक, कोसी स्नातक, पटना शिक्षक, दरभंगा शिक्षक, तिरहुत शिक्षक और सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं।चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दल भाजपा और जनता दल (यूनाइटेड) चार-चार सीटों पर मैदान में हैं। भाजपा ने पटना शिक्षक सीट से नवल किशोर यादव, कोसी स्नातक से डॉ. एनके यादव, तिरहुत स्नातक से सर्वेश कुमार और तिरहुत शिक्षक सीट से नरेंद्र कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, जन सुराज पार्टी सभी आठ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने पटना स्नातक से अनुज सिंह, तिरहुत स्नातक से विमोहन कुमार, तिरहुत शिक्षक से श्याम नंदन यादव और सारण शिक्षक से अफाक अहमद को उम्मीदवार बनाया है। अफाक अहमद इस सीट से दोबारा चुनाव मैदान में हैं।वर्तमान में शिक्षक सीट पर पटना में भाजपा, सारण में निर्दलीय, तिरहुत में भाकपा, दरभंगा में कांग्रेस का कब्जा है, जबकि स्नातक क्षेत्र में पटना में जदयू, दरभंगा और तिरहुत में निर्दलीय तथा कोसी में भाजपा का कब्जा है। जन सुराज ने पटना शिक्षक से दिव्य ज्योति, दरभंगा शिक्षक से एसपी राय, दरभंगा स्नातक से मोहम्मद इम्तियाज नूरानी और कोसी स्नातक से रजनीश रंजन को टिकट दिया है। राजद स्नातक क्षेत्र में पटना , दरभंगा, तिरहुत, कोसी तथा शिक्षक सीट पर पटना और सारण में प्रत्याशी उतारे है। दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में सर्वाधिक 40 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, पटना शिक्षक और सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में 18-18 प्रत्याशी मैदान में हैं। कई सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार भी जीत के लिए जोर लगा रहे हैं। ऐसे में आज होने वाले मतदान पर राजनीतिक दलों के साथ-साथ निर्दलीय प्रत्याशियों की भी निगाहें टिकी हैं।

निष्पक्ष मतदान के...

के निर्वाची पदाधिकारी सह प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार ने जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों और निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने को कहा है। उन्होंने असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने और निर्वाचन संबंधी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए तीन जिलों में कुल 134 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें पटना में 80, नालंदा में 37 और नवादा में 17 केंद्र शामिल हैं। कुल केंद्रों में 120 मूल और 14 सहायक मतदान केंद्र हैं। वहीं पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 80 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें पटना में 46, नालंदा में 20 और नवादा में 14 केंद्र हैं। इस तरह दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 214 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे। मतदाताओं को मतदान पदाधिकारी की ओर से उपलब्ध कराए गए आधिकारिक बैंगनी रंग के स्केच पेन से ही मतपत्र पर अपनी पसंद के अभ्यर्थी के पक्ष में अधिमान्यता अंकित करनी होगी।

किसी अन्य कलम का इस्तेमाल करने पर मतपत्र अमान्य हो सकता है। मतदान के बाद बैलेट बॉक्स और अन्य सामग्री निर्धारित प्रक्रिया के तहत बांकीपुर गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल पटना में जमा कराई जाएगी। निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन या अन्य शिकायतों की सूचना व्हाट्सएप नंबर 8114593939 पर भेजी जा सकती है। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रेक्षक संतोष कुमार मल्ल के मोबाइल नंबर 8882134237 और पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रेक्षक बी कार्तिकेय धनजी के मोबाइल नंबर 9810922727 पर भी शिकायत की जा सकती है। प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के नियंत्रण कक्ष के नंबर 0612.2219205 और 0612.2233578 पर भी संपर्क किया जा सकता है। आयुक्त ने अधिकारियों को विधि.व्यवस्था बनाए रखने और मतदाताओं के लिए सुरक्षित एवं सुगम मतदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

विशेष आकस्मिक अवकाश...

की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, पटना स्नातक, तिरहुत स्नातक, दरभंगा स्नातक, कोसी स्नातक तथा पटना शिक्षक, तिरहुत शिक्षक, दरभंगा शिक्षक और सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं को इस अवकाश का लाभ मिलेगा। अधिसूचना के मद्देनजर शिक्षा विभाग ने भी गुरुवार देर शाम कार्यालय आदेश जारी कर विशेष छुट्टी की घोषणा की है। इस विशेष अवकाश का उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के लिए सुविधा मुहैया कराना है। यह विशेष अवकाश सिर्फ संबंधित स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचकों के लिए ही लागू होगा।

एसटीईटी 25 से...

पुनर्निर्धारित की गयी है। 21 नवंबर की परीक्षा हेतु अलग से संशोधित एडमिट कार्ड 24 अक्तूबर को जारी किया जायेगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने संबंधित अभ्यर्थियों से कहा है कि उक्त तिथि को निर्धारित वेबसाइट से अपना संशोधित एडमिट कार्ड डाउनलोड करेंगे। अन्य तिथियों को आयोजित होने वाली परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित होगी। आपको याद दिला दूं कि माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीईईटी), 2026 में शामिल होने अभ्यर्थी भी चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा (टीआरई-फोर) के लिए आवेदन करेंगे। लेकिन, माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीईईटी), 2026 में उत्तीर्ण होने पर ही उन्हें चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा (टीआरई-फोर) का एडमिट कार्ड जारी किया जायेगा।

अगले 30 साल तक...

परियोजनाओं की शुरुआत की। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने विपक्ष पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस और उसके सहयोगी भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाते हैं, लेकिन वे खुद कई राज्यों में दशकों से सत्ता से बाहर हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस चुनाव में हारने के बाद कभी ईवीएम तो कभी वोटर लिस्ट और चुनाव आयोग पर सवाल उठाती है। शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और उनके साथी घुसपैठियों के वोट बचाने के लिए 'वोट चोरी' का मुद्दा उठा रहे हैं। अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा जनता के समर्थन से चुनाव जीतती है। उन्होंने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि देश की जनता अब उसकी राजनीति को समझ चुकी है। कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि चुनाव में हार के लिए हर बार ईवीएम या चुनाव आयोग को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

अमित शाह ने कांग्रेस की चुनावी स्थिति का जिक्र करते हुए गुजरात, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, राजस्थान, मध्य प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, दिल्ली और असम में पार्टी की सरकार न बनने का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में कांग्रेस लंबे समय से सत्ता में नहीं आ पाई है। शाह ने सवाल उठाया कि अगर चुनाव आयोग और ईवीएम की वजह से ही कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ रहा है, तो फिर अलग-अलग राज्यों में उसकी चुनावी स्थिति की वजह क्या है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यह समस्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्र की सत्ता में आने से पहले से ही रही है।

अमित शाह ने दावा किया कि कांग्रेस की मौजूदा राजनीति के आधार पर अगले 30 साल तक उसकी सरकार नहीं बनने वाली है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के कार्यकर्ता बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व तक जनता के बीच रहते हैं और लोगों से लगातार संपर्क बनाए रखते हैं। शाह ने अपने विदेश दौरों का जिक्र करते हुए राहुल गांधी पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि वह देश में रहते हैं और जनता के बीच काम करते हैं। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें देश लौटकर उनकी बात सुननी चाहिए।

इससे पहले स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर वो महिलाओं के प्रति इतनी दकियानूसी सोच रखते हैं, तो यह हमारा कर्तव्य है कि ऐसे व्यक्ति को किनारे किया जाए। दरअसल, राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि आरएसएस पुरुषों का एक ऐसा ग्रुप है, जो संविधान के खिलाफ है और मानता है कि औरतें पुरुषों की प्रॉपर्टी है।

तिब्बत में जोरदार...

क्षेत्र में आया था. भूकंप के झटके स्थानीय इलाके में साफ तौर पर महसूस किए गए. इसका केंद्र तिब्बत की राजधानी ल्हासा से करीब 400 किलोमीटर दूर था। फिलहाल भूकंप से जान-माल के नुकसान को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

तिब्बत में शक्तिशाली भूकंप आने का खतरा बना रहता है. इसकी वजह यह है कि यह इलाका भारतीय और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटों के मिलने वाले क्षेत्र में स्थित है. ये प्लेटें लगातार एक-दूसरे से टकराती हैं, जिससे धरती के भीतर तनाव पैदा होता है और भूकंप आ सकते हैं। यह भूकंप ऐसे समय आया है, जब कुछ हफ्ते पहले नेपाल-चीन बॉर्डर के पहाड़ी इलाकों में भीषण बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही हुई थी. ताजा आंकड़ों के मुताबिक, इस आपदा में 1,400 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी, जबकि हजारों लोग लापता हो गए थे. अगस्त के आखिर में नेपाल और चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र की सीमा के पास एक ग्लेशियर ढहने से भूस्खलन और अचानक बाढ़ आई थी, जिससे निचली घाटियों में बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ था।

'भारत-पोलैंड की...

केवल कूटनीतिक साझेदारी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मानवता और संवेदना की साझा विरासत पर भी आधारित हैं.

गौरलतब है कि पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क इन दिनों भारत के दौरे पर हैं. दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी द्विपक्षीय वार्ता हो रही है. इस दौरान दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के साथ आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हो रही है. विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी पोलैंड के प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे. वहीं, पीएम मोदी के साथ बैठक से पहले डोनाल्ड टस्क ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'हमें कोई रोक नहीं सकता.'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पोलैंड के प्रधानमंत्री का भारत में स्वागत करते हुए उन्हें बहुत खुशी हो रही है. उन्होंने वर्ष 2024 में अपनी पोलैंड यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उस दौरान डोनाल्ड टस्क ने उनका और उनके प्रतिनिधिमंडल का आत्मीय स्वागत किया था. पीएम मोदी ने बताया कि उसी यात्रा के दौरान दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया था. उन्होंने कहा कि इसी मजबूत आधार पर पिछले दो वर्षों में भारत और पोलैंड की साझेदारी ने नई गति हासिल की है. दोनों देश अब अपने संबंधों को और व्यापक बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं.

पीएम मोदी ने भारत और पोलैंड के ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देशों की मित्रता केवल कूटनीतिक रिश्तों पर आधारित नहीं है, बल्कि इसके पीछे मानवता और संवेदना की साझा विरासत भी है. उन्होंने कहा कि दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जामनगर और कोल्हापुर के राजपरिवारों ने पोलैंड के हजारों बच्चों और परिवारों को भारत में आश्रय दिया था. प्रधानमंत्री के मुताबिक, यह ऐतिहासिक जुड़ाव दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों की एक महत्वपूर्ण नींव है.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत ने भारत-पोलैंड साझेदारी के लिए नए अवसर पैदा किए हैं. भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) ने इन अवसरों को और व्यापक बनाया है. उन्होंने बताया कि भारत और पोलैंड ने रक्षा, अंतरिक्ष तथा परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में अपने संबंधों को प्रगाढ़ करने पर सहमति बनाई है. प्रधानमंत्री ने इन रणनीतिक क्षेत्रों में पोलैंड की कंपनियों को भारत के साथ संयुक्त विकास और संयुक्त उत्पादन के लिए आमंत्रित किया. इस पहल से दोनों देशों के बीच तकनीकी सहयोग और आर्थिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के नए रास्ते खुलने की उम्मीद है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सांस्कृतिक संबंध और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क भारत-पोलैंड रिश्तों की सबसे बड़ी ताकत हैं. उन्होंने पोलैंड में संस्कृत अध्ययन और भारतविद्या की समृद्ध परंपरा का भी उल्लेख किया. पीएम मोदी ने बताया कि पोलैंड के क्राकोव शहर में भारतीय अध्ययन पीठ की स्थापना की गई है. उन्होंने सांस्कृतिक आदान-प्रदान और शैक्षणिक संबंधों को दोनों देशों की दोस्ती का अहम हिस्सा बताया.

सोना टूटा चांदी...

मुताबिक, दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार को 1.49 लाख प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। गुरुवार को इसमें 1,000 की सीधी गिरावट आई और यह 1.48 लाख प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

चांदी के बाजार में बिकवाली का दबाव और भी ज्यादा देखने को मिला। पिछले कारोबारी दिन ?2,13,400 प्रति किग्रा पर बंद हुई चांदी सभी करों सहित 5,900 टूटकर ?2.07 लाख प्रति किग्रा पर आ गई। चांदी का यह स्तर बीते 10 महीनों में सबसे कम है। इससे पहले 18 दिसंबर 2025 को चांदी का भाव 2,07,600 प्रति किग्रा के आसपास दर्ज किया गया था।

छेड़खानी के आरोप...

खिलाफ राज्य स्तर पर भी अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्हें दो साल पहले बिहार सरकार की मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत सरकारी नौकरी दी गई थी।

वर्तमान में वह वित्त विभाग में पदस्थापित हैं और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण (बीएसएसए) में प्रतिनियुक्त हैं। घटना सोमवार को नागोया के फोर पॉइंट्स बाय शेरेटन होटल में हुई, जहां भारतीय पैरा तैराकी टीम ठहरी हुई थी। आरोप है कि कमरे की सफाई करने पहुंची महिला कर्मचारी के साथ शम्स आलम ने अनुचित व्यवहार किया। महिला की शिकायत के बाद होटल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी।

जापानी पुलिस ने शम्स को हिरासत में लिया था। भारतीय दल के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन से बातचीत की। इसके बाद लिखित माफी और खिलाड़ी को जापान से वापस भेजने की व्यवस्था की गई। मंगलवार को शम्स आलम को भारत भेज दिया गया। इस कारण वह बुधवार को निर्धारित अपनी स्पर्धाओं में हिस्सा नहीं ले सके।

इस मामले में शम्स आलम पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की गई है। घटना की जानकारी केंद्र सरकार को भी दी गई है। एशियन पैरा गेम्स समाप्त होने के बाद दिल्ली में पीसीआई और पैरा तैराकी से जुड़े पदाधिकारियों की बैठक होगी। इसमें अनुशासनात्मक कार्रवाई पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। शम्स आलम पूर्व में अपने वर्ग में विश्व के नंबर एक पैरा तैराक रह चुके हैं।

शम्स आलम शेख मधुबनी जिले के बिस्फी प्रखंड स्थित रथोस गांव के मूल निवासी हैं। उन्होंने साल 2018 के जकार्ता और 2023 के हांगझू एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बटरफ्लाई एस-5, एसबी-4 स्पर्धाओं में कई पदक जीत चुके हैं।

2024 में क्रोएशिया में आयोजित पैरा तैराकी ओपन प्रतियोगिता में उन्होंने तीन पदक जीते थे।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९२०
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : patnaaj@gmail.com
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :
R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।